दिनांक : 14.02.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

ऽ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक, अमरीका भारत को तेल और गैस देगा।

ऽ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने की घोषणा, भारत भवन में पुनः प्रारंभ होगा रंगमण्डल, 15 कला मनीषियों को राज्य शिखर सम्मान।

ऽ मध्यप्रदेश में बनेगी ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी, ड्रोन स्कूल भी होगा प्रारंभ।

ऽ फिनलैंड की संस्था वी रियल बनाएगी प्रदेश के पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों पर वर्चुअल टूर।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-ट्रम्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमरीका की दो दिन की यात्रा पर कल वाषिंगटन पहुंचे। वाशिंगटन डी.सी. स्थित अमरीकी राष्ट्रपति के □धिकारिक निवास और कार्यस्थल व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई है। इस अवसर पर पत्रकारों के सवाल पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने श्री मोदी को महान नेता बताया। उन्होंने कहा कि मेरे मित्र □ए हैं जिनसे मिलकर खुशी हो रही है। श्री ट्रम्प ने कहा कि भारत और अमरीका के बीच गहरी मित्रता और एकता है। उन्होंने कहा कि अमरीका भारत को तेल और गैस देगा। श्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को 140 करोड़ भारतीयों की ओर से जीत पर बधाई दी है।

**बाइट-प्रधानमंत्री**

श्री मोदी ने कहा कि श्री ट्रम्प के पहले कार्यकाल में भारत और अमरीका की प्रगाढता नई ऊंचाइयों पर पहुंची थी। अब दोनों देश मिलकर इसे और □गे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत तटस्थ नहीं बल्कि हमेशा शांति का पक्षधर रहा है और इस मुद्दे को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।

राज्य शिखर सम्मान- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को □गे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। कलाकार हमारे समाज की □त्मा हैं और उनका सम्मान हमारी प्राथमिकता है। डॉ. यादव ने भारत भवन में रंगमण्डल को पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की। कल भारत भवन की 43वीं वर्षगांठ अवसर पर □योजित राज्य शिखर सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 15 कला मनीषियों को वर्ष 2022 एवं 2023 के राज्य शिखर सम्मान प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा मध्यप्रदेश को विश्व में कला गौरव स्थल की पहचान दिलाने में भारत भवन की प्रमुख भूमिका है।

**बाइट - मुख्यमंत्री**

समारोह में संगीत, नृत्य, नाटक, जनजातीय एवं लोक कला, साहित्य तथा रंगकर्म के क्षेत्र में योगदान देने वाले कलाकारों, साहित्यकारों एवं रंगकर्मियों को शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

मणिपुर- राष्ट्रपति शासन

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में □धिकारिक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मणिपुर के राज्यपाल से एक रिपोर्ट मिली थी जिस पर विचार करने के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। इससे कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है।

महाकुंभ-नवनीत सहगल

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि कुंभवाणी स्टेशन पर महाकुंभ का प्रसारण प्रसार भारती के सटीक और विश्वसनीय जानकारी प्रसारित करने के उद्देश्य को दर्शाता है। श्री सहगल ने संगम में पवित्र स्नान- डुबकी लगाने के बाद प्रयागराज में कुंभवाणी रेडियो स्टेशन पर एक कार्यक्रम में यह बात कही। श्री सहगल ने इस रेडियो केन्द्र की सराहना करते हुए कहा कि यह महाकुंभ के लाइव और विश्वसनीय कवरेज के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है।

श्री सहगल ने नैनी अरेल संगम सेक्टर-चार में स्थापित □काशवाणी और दूरदर्शन केंद्र के स्टूडियो का निरीक्षण किया और प्रसारण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने □योजन के व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

ड्रोन नीतिः मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का प्रमुख हब बनाने के लिए समग्र कार्य योजना तैयार की गई है। राज्य सरकार ने ड्रोन क्षेत्र में निवेश □कर्षित करने के लिये मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 को स्वीकृति दे दी है। इसमें ड्रोन के सुरक्षित और कुशलतम उपयोग के माध्यम से नवाचार, □र्थिक समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने वाले विषयों एवं तथ्यों को शामिल किया गया है। मध्यप्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी भी बनाई जायेगी। यह नीति जी□ईएस □धारित योजना और विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग करके बेहतर निगरानी तंत्र विकसित करेगी। प्रदेश में ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और संचालन के लिए ड्रोन स्कूल भी स्थापित होगा।

पर्यटन-वर्चुअल टूर-एमओयू

भोपाल में कल एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर □धुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद थे। इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन स्थलों और एतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से □ने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि फिनलैंड की कंपनी वी-रियल द्वारा इतिहास, संस्कृति और धरोहर का उन्नत तकनीक के माध्यम से वीडियो निर्माण कर संरक्षित और पुनर्जीवित किया जाता है।

विक्रमोत्सव-उज्जैन

उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव-2025 का □रंभ होगा। वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल विक्रमोत्सव-2025 की □योजन समिति की बैठक में कहा कि विक्रमोत्सव का □योजन, सम्राट विक्रमादित्य के बहु□यामी व्यक्तित्व की गरिमा के अनुरूप हो। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाशिवरात्रि पर □ने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और पर्व की व्यवस्थाएं भी प्रभावित नहीं हों।

नरवाई जुर्माना

प्रदेश में फसल कटाई के बाद बचे अवशेष-नरवाई को खेतों में जलाए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में □ग लगाने के खिलाफ पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दंड का प्रावधान किया गया है। निर्देश जारी हुए हैं कि 2 एकड़ तक की भूमि पर नरवाई जलाने पर 2 हजार 500 रुपए, 2 से 5 एकड़ तक की भूमि होने पर 5 हजार रुपए और 5 एकड़ से अधिक भूमि पर नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से □र्थिक दंड भरना होगा। सूचना-पत्र को तामिल कराने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी की होगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ गुना जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कल निरीक्षण के दौरान पीएम जनमन योजना अंतर्गत □धार अपडेशन, □युष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाने □दि की जानकारी ली और □वश्यक निर्देश दिये।

ऽ नगर निगम भोपाल द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों और वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने कल 354 प्रकरणों में 48 हजार 451 रूपये स्पॉट फाइन के रूप में वसूल किए।

ऽ रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से 26 मार्च से 02 अप्रैल तक जिला मुख्यालय मुरैना में स्वास्थ्य कैम्प लगाया जा रहा है।

ऽ नर्मदापुरम के संभाग □युक्त केजी तिवारी ने कल लगभग 38 करोड़ की लागत से बन रहे सीएम राइज कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार का निरीक्षण किया।

ऽ प्रदेश के मालवा-निमाड़ में 25 हजार 250 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि सौर ऊर्जा से बिजली तैयार की जा रही है। पश्चिम म.प्र. में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा से बिजली इंदौर शहर में 13 हजार 800 स्थानों पर तैयार हो रही है।

-------

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक, अमरीका भारत को तेल और गैस देगा।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने की घोषणा, भारत भवन में पुनः प्रारंभ होगा रंगमण्डल, 15 कला मनीषियों को राज्य शिखर सम्मान।
- मध्यप्रदेश में बनेगी ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी, ड्रोन स्कूल भी होगा प्रारंभ।

**और**

- फिनलैंड की संस्था वी रियल बनाएगी प्रदेश के पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों पर वर्चुअल टूर।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री–ट्रम्प**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमरीका की दो दिन की यात्रा पर कल वाषिंगटन पहुंचे। वाशिंगटन डी.सी. स्थित अमरीकी राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास और कार्यस्थल व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई है। इस अवसर पर पत्रकारों के सवाल पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने श्री मोदी को महान नेता बताया। उन्होंने कहा कि मेरे मित्र आए हैं जिनसे मिलकर खुशी हो रही है। श्री ट्रम्प ने कहा कि भारत और अमरीका के बीच गहरी मित्रता और एकता है। उन्होंने कहा कि अमरीका भारत को तेल और गैस देगा। श्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को 140 करोड़ भारतीयों की ओर से जीत पर बधाई दी है।

**बाइट–प्रधानमंत्री**

श्री मोदी ने कहा कि श्री ट्रम्प के पहले कार्यकाल में भारत और अमरीका की प्रगाढता नई ऊंचाइयों पर पहुंची थी। अब दोनों देश मिलकर इसे और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत तटस्थ नहीं बल्कि हमेशा शांति का पक्षधर रहा है और इस मुद्दे को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।

**राज्य षिखर सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। कलाकार हमारे समाज की आत्मा हैं और उनका सम्मान हमारी प्राथमिकता है। डॉ. यादव ने भारत भवन में रंगमण्डल को पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की। कल भारत भवन की 43वीं वर्षगांठ अवसर पर आयोजित राज्य शिखर सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 15 कला मनीषियों को वर्ष 2022 एवं 2023 के राज्य शिखर सम्मान प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा मध्यप्रदेश को विश्व में कला गौरव स्थल की पहचान दिलाने में भारत भवन की प्रमुख भूमिका है।

**बाइट – मुख्यमंत्री**

समारोह में संगीत, नृत्य, नाटक, जनजातीय एवं लोक कला, साहित्य तथा रंगकर्म के क्षेत्र में योगदान देने वाले कलाकारों, साहित्यकारों एवं रंगकर्मियों को शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

**मणिपुर– राष्ट्रपति शासन**

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मणिपुर के राज्यपाल से एक रिपोर्ट मिली थी जिस पर विचार करने के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। इससे कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है।

**महाकुंभ–नवनीत सहगल**

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि कुंभवाणी स्टेशन पर महाकुंभ का प्रसारण प्रसार भारती के सटीक और विश्वसनीय जानकारी प्रसारित करने के उद्देश्य को दर्शाता है। श्री सहगल ने संगम में पवित्र स्नान– डुबकी लगाने के बाद प्रयागराज में कुंभवाणी रेडियो स्टेशन पर एक कार्यक्रम में यह बात कही। श्री सहगल ने इस रेडियो केन्द्र की सराहना करते हुए कहा कि यह महाकुंभ के लाइव और विश्वसनीय कवरेज के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है।

श्री सहगल ने नैनी अरेल संगम सेक्टर–चार में स्थापित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र के स्टूडियो का निरीक्षण किया और प्रसारण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन के व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

**ड्रोन नीतिः मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का प्रमुख हब बनाने के लिए समग्र कार्य योजना तैयार की गई है। राज्य सरकार ने ड्रोन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिये मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति–2025 को स्वीकृति दे दी है। इसमें ड्रोन के सुरक्षित और कुशलतम उपयोग के माध्यम से नवाचार, आर्थिक समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने वाले विषयों एवं तथ्यों को शामिल किया गया है। मध्यप्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी भी बनाई जायेगी।

यह नीति जीआईएस आधारित योजना और विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग करके बेहतर निगरानी तंत्र विकसित करेगी। प्रदेश में ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और संचालन के लिए ड्रोन स्कूल भी स्थापित होगा।

<u>पर्यटन–वर्चुअल टूर–एमओयू</u>

भोपाल में कल एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद थे। इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन स्थलों और एतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार–प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि फिनलैंड की कंपनी वी–रियल द्वारा इतिहास, संस्कृति और धरोहर का उन्नत तकनीक के माध्यम से वीडियो निर्माण कर संरक्षित और पुनर्जीवित किया जाता है।

<u>विक्रमोत्सव–उज्जैन</u>

उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव–2025 का आरंभ होगा। वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल विक्रमोत्सव–2025 की आयोजन समिति की बैठक में कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन, सम्राट विक्रमादित्य के बहुआयामी व्यक्तित्व की गरिमा के अनुरूप हो। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और पर्व की व्यवस्थाएं भी प्रभावित नहीं हों।

<u>नरवाई जुर्माना</u>

प्रदेश में फसल कटाई के बाद बचे अवशेष–नरवाई को खेतों में जलाए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने के खिलाफ पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दंड का प्रावधान किया गया है। निर्देश जारी हुए हैं कि 2 एकड़ तक की भूमि पर नरवाई जलाने पर 2 हजार 500 रुपए, 2 से 5 एकड़ तक की भूमि होने पर 5 हजार रुपए और 5 एकड़ से अधिक भूमि पर नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दंड भरना होगा। सूचना–पत्र को तामिल कराने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी की होगी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- गुना जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कल निरीक्षण के दौरान पीएम जनमन योजना अंतर्गत आधार अपडेशन, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाने आदि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।

- नगर निगम भोपाल द्वारा साफ–सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों और वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने कल 354 प्रकरणों में 48 हजार 451 रूपये स्पॉट फाइन के रूप में वसूल किए।

- रोटरी मेडीकल मिशन राहत–2 के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से 26 मार्च से 02 अप्रैल तक जिला मुख्यालय मुरैना में स्वास्थ्य कैम्प लगाया जा रहा है।
- नर्मदापुरम के संभाग आयुक्त केजी तिवारी ने कल लगभग 38 करोड़ की लागत से बन रहे सीएम राइज कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार का निरीक्षण किया।
- प्रदेश के मालवा–निमाड़ में 25 हजार 250 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि सौर ऊर्जा से बिजली तैयार की जा रही है। पश्चिम म.प्र. में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा से बिजली इंदौर शहर में 13 हजार 800 स्थानों पर तैयार हो रही है।

————